एक नजर में

महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व के रूप मनाई गुरु पूर्णिमा

निवाली। नगर के शासकीय महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर गुरु-शिष्य परंपरा, भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को समर्पित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यार्थियों ने अतिथियों एवं प्राध्यापकों का नारियल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य वक्ता विनय सिसोदिया ने कहा कि शिक्षक प्रलय और निर्माण दोनों ला सकता है। डॉ सुल्तान मोरे ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ माना गया है। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, प्रेरक विचार, कविता एवं भाषण प्रस्तुत कर अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में डॉ पीसी किराड़े, प्रो अनारसिंह किराड़े, प्रो शारदा खरते, प्रो नीलम डावर, प्रो मनीष किराड़े, प्रो नवलसिंह बरडे, प्रो रोशनी डावर, प्रो मुकेश तरोले, डॉ विजय चौधरी, डॉ कलीराम पाटिल, प्रो हरीश सिसोदिया सहित स्टॉफ एव गोरेलाल सोलंकी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

छात्र हर्षिल ने गुरु के वेश में मोहा मन

बड़वानी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के निजी स्कूलों में हर्षोल्लास से कई सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर कक्षा 4थी के छात्र हर्षिल बैरागी ने गुरु का पारंपरिक वेश धारण कर बेहद आकर्षक और मनमोहक प्रस्तुति दी। हर्षिल के इस रूप और अभिनय ने समारोह में समां बांध दिया। शिक्षकों और अन्य छात्रों ने हर्षिल की शानदार प्रस्तुति की सराहना की और उसकी प्रतिभा की प्रशंसा की। शिक्षकों ने बच्चों को गुरु-शिष्य परंपरा और जीवन में गुरु के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

महाविद्यालय में जारी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया

पानसेमल। शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार ऑनलाईन प्रवेश की प्रक्रिया लगातार चल रही है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी के मार्गदर्शन में क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए व्हाट्सप ग्रुप एवं सोशल मीडिया फेसबुक एवं अन्य माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं एवं विद्यार्थियों द्वारा ग्रामों में जाकर 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी को प्रवेश की प्रक्रिया एवं शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है। कॉलेज चलो अभियान के नोडल प्रभारी डॉ सुनिल बागले ने आसपास की हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्रचार्य एवं अभिभावकों से सम्पर्क कर प्रवेश के लिए प्रेरित किया किया। संस्था की प्रचार्य प्रो संगीता भंडारी द्वारा क्षेत्र के विद्यार्थियों से अपील है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 31 जुलाई तक प्रवेश की तिथि निर्धारित की गई है। जो भी विद्यार्थी बीए बीएससी कोर्स के लिए प्रवेश से वंचित रह गए वे महाविद्यालय से जानकारी लेकर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करें।

एसडीएम ऑफिस पैदल पहुंचे ग्रामीण

पानसेमल, (नवभारत)। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओसवाडा के ग्रामीणों ने पैदल मार्च निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि उनके ग्राम में शौचालय निर्माण को करीब 2 से 3 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन शौचालय जाने वाले मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है। आसपास गंदगी के कारण सफाई करने पर उनके साथ विवाद की स्थिति निर्मित होती है। ग्राम से निकलने वाला गंदा पानी हैंडपंप और नलों के आसपास जमा रहता है, जिससे पेयजल के दूषित होने का भय बना रहता है।

सार्वजनिक शौचालय में जाने के लिए मार्ग खुलवाने की शिकायत को लेकर संबंधित शासकीय प्राथमिक विद्यालय का भी अवलोकन कर मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली तथा पालकों से आवश्यक सहयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि विद्यालय में बच्चों को अच्छी सुविधाएं मिले, इसलिए हम जनसहयोग से भी कार्य करा सकते हैं। प्रशासनिक सहायता के लिए अधिकारियों से चर्चा कर सकते हैं। जनपद पंचायत समन्वयक अधिकारी योगेन्द्र कुलकर्णी ने ग्रामीणों से कहा कि ग्राम पंचायत में सुविधाओं के लिए जल कर, प्रकाश कर एवं भवन कर लेकर पंचायत स्तर पर स्वच्छता सहित अन्य कार्य किए जा सकते हैं। सभी के सहयोग से व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा सकता है। अपने वार्ड मोहल्ले और ग्राम के लिए जो भी सहयोग हो सके सभी को करना चाहिए।

ग्रामीणों ने अन्य समस्याओं को लेकर की चर्चा

ग्रामीणों ने ग्राम की अन्य समस्याओं को लेकर भी नायब तहसीलदार प्रज्ञा पाटीदार, नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे से चर्चा की। जिसके बाद ग्राम में नायब तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नायब तहसीलदार ने सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाई पानी की टंकी के पास लगे खूंटे निकलवाए तथा ग्रामीणों को बताया कि ग्राम में स्वच्छता रखना सभी की जिम्मेदारी है। जनप्रतिनिधियों को सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए कहा। अलग-अलग वार्डों में भ्रमण के दौरान नालियों में जमा गंदगी को हटाने के लिए श्रमदान करने की बात कही तथा कूड़ा-कचरा नालियों में नहीं फेंकने के निर्देश दिए। सप्ताह में 1 दिन निर्धारित कर नालियों की सफाई कराने के लिए भी कहा।

हुनर सीखकर बनें आत्मनिर्भर पढ़ाई के साथ करें कमाई भी

बड़वानी, (नवभारत)। शहर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर सेल द्वारा हुनर का महत्व, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता विषय पर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। लगभग 150 विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशलों के महत्व, स्वरोजगार की संभावनाओं तथा पढ़ाई के साथ आय अर्जित करने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। आरसेटी के प्रशिक्षक एवं अनुभवी इलेक्ट्रिशियन सलाउद्दीन शेख ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ कौशल से भी समृद्ध बनाना है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रोजगारपरक शिक्षा और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में इनका भी रहा सहयोग

इस दौरान भोला बामनिया, दिव्या जमरे, हंसा धनगर, आरती धनगर, कन्हैयालाल फूलमाली, जोया खान ने भी सहयोग किया।

एंटी-लार्वा दवा छिड़काव

बड़वानी, (नवभारत)। शहर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने खुले नालों में कीटाणुनाशक व एंटी-लार्वा द्रव्य का छिड़काव कराया।नपा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा वार्डों एवं प्रमुख खुले नालों में विशेष अभियान चलाकर दवा का छिड़काव किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु में जलभराव एवं खुले नालों में मच्छरों के लार्वा तेजी से पनपते हैं। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए नियमित रूप से एंटी-लार्वा एवं कीटाणुनाशक दवाओं का उपयोग किया जा रहा है। नगर पालिका ने नागरिकों से भी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, पानी का अनावश्यक जमाव नहीं होने देने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की अपील की है। परिषद का कहना है कि शहर को स्वच्छ एवं रोगमुक्त बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

अधिक नेत्रदान कराने पर रोटरी क्लब को मिला अवार्ड

बड़वानी। रोटरी क्लब चोइथराम इंदौर के 10वें इंस्टालेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कार कोठारी, विशेष अतिथि डिजियाना ग्रुप के एमडी सुखदेव सिंह घूम्मन, पीडीजी जामीन हुसैन, डीजीइ मुकेश साहू ने रोटरी क्लब बड़वानी को निजी रिसोर्ट में हुए समारोह में अवार्ड देकर सम्मानित किया। यह सम्मान नेत्रदान में संभाग में अधिक नेत्रदान कराने पर दिया। डीजी इन सुखदेव सिंह घुम्मन ने बताया कि रोटरी क्लब के डॉ चक्रेश पहाड़िया, सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन एवं ललित जैन नेत्रदान को लेकर बहुत ही जागरूकता के साथ कार्य कर रहे हैं। रोटरी क्लब चोइथराम के नेत्रदान प्रभारी डॉ तेजस मेहता ने भी सम्बोधित किया। बड़वानी क्लब के युवा नेत्रदान के साथ एक और विशिष्ट कार्य भी रहे हैं।

डीपीसी ने किया निरीक्षण

बड़वानी। शासकीय पीएमश्री शाउवि में सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत शैक्षणिक एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला परियोजना समन्वयक लीना यादव ने संचालित गतिविधियों का सुक्ष्मता से अवलोकन किया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया। यह आयोजन कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं के लिए बचो और बचाओ थीम पर आधारित रहा। इसमें खेल-खेल के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन के महत्वपूर्ण आयामों से अवगत कराया गया। जिला परियोजना समन्वयक ने 6ठी के 60 विद्यार्थियों को सक्षम नोट-बुक देकर प्रोत्साहित किया।

आलीराजपुर

फॉर्मर आईडी के लिए 2 हजार की रिश्वत पकड़ाया पटवारी

सारंगी तहसील ऑफिस में इंदौर लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई

पेटलावद। किसानों के महत्वपूर्ण दस्तावेज फॉर्मर आईडी जोड़ने के नाम पर रिश्वत मांगना ग्राम मोहनपुरा के हल्का नंबर 30 के पटवारी संजय अमलियार को महंगा पड़ गया। इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को योजनाबद्ध ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी पटवारी को 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई टप्पा तहसील सारंगी कार्यालय के मीटिंग हॉल में की गई। जैसे ही कार्रवाई की खबर फैली, राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया और पूरे क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बन गया।

जानकारी अनुसार ग्राम मोहनपुरा निवासी पूनिया भूरिया को अपने कृषि कार्य के लिए फॉर्मर आईडी जुड़वानी थी। आरोप है कि इस कार्य के बदले हल्का नंबर 30 के पटवारी संजय अमलियार ने 2 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। फरियादी ने रिश्वत देने के बजाय लोकायुक्त पुलिस इंदौर से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त अधिकारियों द्वारा मामले का सत्यापन कराया गया। जिसमें शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप की रणनीति तैयार की गई। पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार शिकायतकर्ता पूनिया भूरिया को 2 हजार रुपए की राशि देकर टप्पा तहसील सारंगी कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में भेजा गया। लोकायुक्त टीम के अधिकारी और कर्मचारी पहले से सादी वर्दी में आसपास तैनात थे। जैसे ही पटवारी संजय अमलियार ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई इतनी तेजी से हुई कि आरोपी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इसके बाद लोकायुक्त अधिकारियों द्वारा मौके पर रिश्वत की राशि जब्त कर आवश्यक पंचनामा और अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।

नगर निकाय चुनाव की तस्वीर हुई साफ

आलीराजपुर । जिले की तीनों नगरपालिकाओं के लिए मतदाता वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम पूरा होने के बाद मतदाता सूची की अंतिम तस्वीर सामने आ गई है। गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की समीक्षा की गई। आंकड़ों के अनुसार प्रारूप प्रकाशन की तुलना में अंतिम सूची में कुल 2,671 मतदाता कम हो गए हैं। अब तीनों नगरीय निकायों में कुल 38,927 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

27वीं बोल बम कांवड़ यात्रा उज्जैन के लिए निकलेगी आज

विधि-विधान से करेंगे बाबा महाकाल का जलाभिषेक

पेटलावद। सावन माह में भगवान शंकर की भक्ति में समूचा अंचल डूबा है। हर-हर महादेव की गूंज से शिवालय गूंज रहे है। वही इस पवित्र माह में कावड़ यात्राओं का दौर भी जारी हो गया। इसी क्रम में प्रतिवर्ष निकलने वाली 27वी बोल बम पैदल कावड़ यात्रा इस बार भी उत्साह के साथ निकलेगी। कावड़ यात्रा अनंतखेड़ी-पेटलावद से 7 अगस्त को बाबा महांकाल की नगरी उज्जैन के लिए प्रस्थान करेगी। इस बार कावड़ यात्रा का 27वां वर्ष है।

बोल बम कावड़ यात्रा के संचालन पंडित नरेंद्र नंदन दवे ने बताया कि यह यात्रा पेटलावद के गांव अनंतखेड़ी से जल भरकर उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में लिए प्रस्थान करेगी और पांच वे दिन कावड़ यात्रियों द्वारा भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष निकलने वाली इस कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते है। यह पांच दिवसी पैदल कावड़ यात्रा 7 अगस्त शुक्रवार को अनंतखेड़ी से प्रस्थान करेगी जिसका पहला पड़ाव खाखरोड़ा स्थित माही मंदिर रहेगा। 8 अगस्त को दूसरा पड़ाव बदनावर मे स्थित संजोग मैरिज गार्डन में होगा। यहां धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे। 9 अगस्त तीसरा पड़ाव मौलाना के पाटीदार धर्मशाला में रहेगा। 10 अगस्त सोमवार को चौथा पड़ाव ग्राम नलवा में होगा। 11 अगस्त मंगलवार को पांचवां एवं अंतिम पड़ाव उज्जैन आईमाता मंदिर रहेगा। इसके बाद सभी कांवड़ यात्री श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महादेव का विधि-विधान से जलाभिषेक करेंगे।

किसान नेता राकेश टिकैत पेटलावद में आएंगे आज

मीडिया से चर्चा में किसान यूनियन पदाधिकारियों ने दी जानकारी

पेटलावद। किसान नेता राकेश टिकैत के प्रस्तावित पेटलावद दौरे को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को किसान महासभा आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्रभर के किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महासभा में किसानों की विभिन्न समस्याओं और कृषि से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष महेंद्र हामड, जिला महामंत्री जितेंद्र पाटीदार, जिला सचिव बलराम पाटीदार, तहसील अध्यक्ष ईश्वरलाल पाटीदार, तहसील उपाध्यक्ष हरिराम सेप्टा, ग्रामीण विस्तार समिति अध्यक्ष प्रेम भूरिया, मीडिया प्रभारी राधाकृष्ण पाटीदार सहित भारतीय किसान यूनियन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि किसान महासभा किसानों की आवाज बुलंद करने का मंच बनेगी। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याएं रखने और किसान एकता को मजबूत करने की अपील की। महासभा में न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, फसलों के उचित दाम, बिजली और सिंचाई व्यवस्था, खाद-बीज की उपलब्धता, कृषि लागत, किसानों की कर्ज समस्या सहित अन्य किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

24 घंटे में 0.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 0.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार वर्षा में आलीराजपुर में 1.4मि.मी., जोबट में 0.0 मि.मी., उदयगढ़ में 0.0 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 0.0 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 0.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 0.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। जिले में कुल 1.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई।

जिले में 01 जून 2026 से 30 जुलाई 2026 तक 191.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार आलीराजपुर में 196.8 मि.मी., जोबट में 173.0 मि.मी., उदयगढ़ में 229.9 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 153.8 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 332.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 60.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

कलेक्टर ने ली जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

नगर पालिकाओं के मतदाता वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम की भी समीक्षा

आलीराजपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीतू माथुर की अध्यक्षता में गुरुवार को नगरपालिकाओं के मतदाता वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति तथा अंतिम प्रकाशन की स्थिति से अवगत कराया गया।

बैठक में बताया गया कि नगरपालिकाओं की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 18 मई 2026 को किया गया था, जिसके पश्चात प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का नियमानुसार निराकरण करते हुए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 27 जुलाई 2026 को किया गया। जनप्रतिनिधियों को नगर पालिका परिषद आलीराजपुर, नगर परिषद जोबट एवं नगर परिषद चंद्रशेखर आजाद नगर की मतदाता संख्या तथा दावे-आपत्तियों के निराकरण की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

एमएक्स प्लेयर पर गेमिंग रियलिटी शो प्लेग्राउंड वापस लौटा

इंदौर . प्राइम वीडियो के एमएक्स प्लेयर ने आज प्लेग्राउंड सीज़न 5 का ट्रेलर जारी किया . इस बार खेल पहले से भी बड़ा और रोमांचक होने वाला है . लोकप्रिय गेमिंग रियलिटी शो इस बार अपने अब तक के सबसे बड़े फॉर्मेट के साथ लौट रहा है, जिसमें पहली बार तीन मेंटर्स का पैनल होगा . दो बार के चैंपियन एल्विश यादव एक बार फिर चह्र क्रैकेंस टीम का नेतृत्व करेंगे . वहीं तेजस्वी प्रकाश पहली बार मेंटर के रूप में रेजिंग सेंटॉर्स टीम की कमान संभालेंगी .

एक नजर में

ब्लड कलेक्शन और प्रोसेसिंग में होगी सुविधा, लोगों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

दाऊदी बोहरा समुदाय ने आलीराजपुर जिला अस्पताल की ब्लड बैंक सौंपे उपकरण

आलीराजपुर। दाऊदी बोहरा समुदाय ने आज महाराजा सुरेन्द्र सिंह सरकारी जिला अस्पताल को ब्लड बैंक के जरूरी मेडिकल उपकरण सौंपे। इससे अस्पताल की रक्त भंडारण और प्रोसेसिंग सुविधाओं में लंबे समय से चली आ रही कमी दूर होगी और पूरे जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकेगी।

30 जुलाई को आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में ईसीजी मशीन, रेफ्रिजरेटर, मल्टीपारा मॉनिटर, ब्लड ट्यूब सीलर और ब्लड कलेक्शन काउच अस्पताल को सौंपे गए। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नीतू माथुर, सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के प्रतिनिधि आमिल शेख अली असगरभाई पूनावाला और अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रकाश धोके प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ये उपकरण अस्पताल में इस तरह के पहले उपकरण हैं। इनके चालू होने के बाद एक साथ लगभग 250 यूनिट रक्त सुरक्षित रखा जा सकेगा और मरीजों को इनकी मदद से मुफ्त इलाज उपलब्ध होगा। यह उपहार दाऊदी बोहरा समुदाय की वैश्विक समाज सेवा पहल 'प्रोजेक्ट राइज' का हिस्सा है।

मरीजों को उपचार में मिलेगी मदद

सिविल सर्जन डॉ. प्रकाश धोके ने कहा कि ये उपकरण हमारी ब्लड बैंक सेवाओं की एक बड़ी जरूरत को पूरा करते हैं। अस्पताल और मरीजों की सही समय पर मदद करने के लिए हम सैयदना साहब और दाऊदी बोहरा समुदाय के आभारी हैं। यह दान समुदाय के धर्मगुरु डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहेब की हालिया अलीराजपुर यात्रा के बाद किया गया है। अलीराजपुर में दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्य मुस्तफा रियाज ने कहा कि यह उपहार सैयदना साहेब की उस सोच को दर्शाता है जिसमें उन्होंने आसपास के समाज, खासकर स्वास्थ्य क्षेत्र में मदद करने की बात कही है। हमें उम्मीद है कि इन सुविधाओं से आने वाले कई वर्षों तक अस्पताल के मरीजों को राहत मिलेगी।